>

Title: Need to set up a Sugarcane Research Centre in Narsinghpur, Madhya Pradesh.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान देश के प्रमुख गन्ना उत्पादक जिले नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। नरसिंहपुर जिला पिछले 10 वर्षों में देश को भारी मात्रा में गुड़ और शक्कर का उत्पादन तो दे ही रहा है, साथ ही शक्कर उद्योग के माध्यम से बेरोजगारों को रोजगार भी उपलब्ध करा रहा है।

मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि कृषि मंत्रालय नरसिंहपुर जिले में गन्ना अनुसंधान केन्द्र स्थापित करे, जिससे अच्छे बीज, आधुनिक कृषि यंत्र, गन्ने की फसल में लगने वाले रोग, शक्कर की मात्रा में कमी जैसी समस्याओं से मुक्ति मिल सके। गन्ना अनुसंधान केन्द्र खुलने से नरसिंहपुर जिले में गन्ना उद्योगों को स्थानीय स्तर पर विश्व स्तर का मार्गदर्शन मिलने लगेगा, जो उनकी पैदावार बढ़ाने एवं तरक्की का कारण बनेगा। इस हेतु कृषि मंत्रालय, भारत सरकार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, केन्द्रीय गन्ना अनुसंधान केन्द्र, कोयम्बटूर को निर्देशित करने की कृपा करे, जिससे उक्त संस्थान को खुलने का मार्ग प्रशस्त हो और नरसिंहपुर जिला देश में जो शक्कर की सप्लाई कर रहा है, बेहतर दृष्टि से वह शक्कर सप्लाई करता रहे।

MR. CHAIRMAN: Shri Rao Inderjit Singh, please mention briefly what you want.

RAO INDERJIT SINGH (GURGAON): Sir, I will speak if you allow me. If you do not want to allow me, I will not speak.

MR. CHAIRMAN: I am allowing you, but be brief.

RAO INDERJIT SINGH : But you are putting a condition even before I open my mouth.

MR. CHAIRMAN: During Zero Hour, always condition will be there. You only have to be very brief. That is the condition. You continue.